भाकृअनुप – भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान

ICAR – INDIAN INSTITUTE OF MILLETS RESEARCH

राजेन्द्रनगर, हैदराबाद/Rajendranagar, Hyderabad-500030

दूरभाष : 040-24599300; 040-24599306 फैक्स : 040-24599304

विज्ञापन सं. 01/2015

भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद – 500 030 में निम्नलिखित पदों को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

क्र.सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	अजा/अजजा/ अपिव/अनारक्षित	वेतन बैंड + ग्रेड वेतन	आयु
1.	तकनीशियन (फिल्ड/फार्म)	एक	अन्य पिछड़ा वर्ग	₹ 5200-20200/- वे.बैं. + ₹ 2000/- ग्रे.वे.	18-30 वर्ष
2.	तकनीकी सहायक (फिल्ड/फार्म)	दो	अन्य पिछड़ा वर्ग	₹ 5200-20200/- वे.बैं. + ₹ 2800/- ग्रे.वे.	18-30 वर्ष

शैक्षणिक योग्यताएं :

क्र. संख्या 1 हेतु

मैट्रिकुलेशन के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कृषि में एक वर्ष का प्रमाण-पत्र ।

क्र. संख्या 2 हेतु

कृषि स्नातक अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समकक्ष योग्यता ।

कृपया अतिरिक्त जानकारी (अभ्यर्थियों हेतु सामान्य अनुदेश, आवेदन प्रारूप आदि) हेतु हमारा वेबसाइट www.millets.res.in/ad/ad1-15.pdf. देखें । किसी भी परिवर्तन/परवर्ती सूचनाओं हेतु हमारा वेबसाइट नियमित रूप से देखें । कोई भी परिवर्तन के लिए अलग से विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा ।

निदेशक

अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश :

1. भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में आवेदन पहुंचने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार-पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात एक माह तथा अंडमान तथा निकोबार, लक्ष्यद्वीप, उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के अभ्यर्थियों हेतु संस्थान के कार्यावय में आवेदन पहुंचने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार-पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात 45 दिन है ।
2. निर्धारित योग्यता न्यूनतम है तथा अभ्यर्थी की उच्च योग्यता उसे लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार में बुलाने हेतु हकदार नहीं बनाती है । विज्ञापन की प्रतिक्रिया स्वरूप ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु संस्थान द्वारा सभी अभ्यर्थियों को बुलाना संभव नहीं है । लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में बुलाने हेतु अभ्यर्थियों की योग्यता, अनुभव आदि के आधार पर निदेशक, भाकअनुसं के पास मानदंड निर्धारित करने का अधिकार है ।
3. आवेदनों का जांच के पश्चात अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है ।
4. अजा/अजजा/अपिव तथा अन्य किसी वर्ग को आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी ।
5. **अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को परिशिष्ट-I के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी समुदाय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा । प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रपत्र में न होने, गैर-सक्षम प्राधिकारी द्वारा तथा आवेदन प्राप्ति की तिथि के छः माह पूर्व जारी होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा । तथा ऐसे आवेदन जांच के दौरान अस्वीकार कर दिए जाएंगे ।**
6. तकनीशियन तथा तकनीकी सहायक पद के लिए भाकृअनुप के कर्मचारियों हेतु कोई आयु सीमा नहीं है ।
7. उक्त पद भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत गैर-सरकारी हैं जो यथोचित परिवर्तनों के साथ-साथ तथा समय-समय पर यथा-संशोधित अथवा आशोधित भारत सरकार की 01.01.2004 से शुरू नई पेंशन योजना के अंतर्गत आयेंगे ।
8. ये पद पूर्ण रूप से अस्थाई हैं परंतु इन्हें नियमित रखने की संभावना है; ये पद देश के किसी भी भाग में स्थानांतरणीय है ।
9. चयनित अभ्यर्थी की भाकअनुसं के किसी भी केंद्र हैदराबाद या सोलापुर (महाराष्ट्र) अथवा वरंगल में तैनाती की जाएगी तथा उन्हें भारत के किसी स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है ।
10. अभ्यर्थी को अपनी नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ केवल संलग्न प्रपत्र (टंकित) में ही आवेदन जमा करना होगा ।
11. **अभ्यर्थियों के आयु सीमा के निर्धारण हेतु महत्वपूर्ण तिथि, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी ।**
12. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन के साथ अपने स्व-अनुप्रमाणित प्रमाण-पत्र, अंक-सूचियां, निर्धारित प्रपत्र में जाति प्रमाण-पत्र तथा अन्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें ।

13. विधिवत रूप से पूर्णतः भरे गए आवेदन के साथ “ICAR Unit DSR” के नाम पर स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, बुदवेल शाखा, हैदराबाद में देय डीडी के रूप में ₹ 100 का आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय/नॉन रिफंडेबल) निदेशक, भाकृअनुप-भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500030 को भेजा जाए । (अजा/अजजा/शावि/महिला अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है) ।

14. आवेदन के लिफाफे के ऊपर ________________________________ **पद हेतु आवेदन** अवश्य लिखें । कोई भी अभ्यर्थी अगर एक से ज्यादा पद हेतु आवेदन करना चाहता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करना होगा ।

15. किसी भी (डाक विलंब भी) कारण से नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा । **डाक द्वारा/दस्ती रूप में प्रस्तुत आवेदन की केवल हार्ड कॉपी पर ही विचार किया जाएगा ।**

16. अभ्यर्थियों के द्वारा चयन/परीक्षा/साक्षात्कार/नियुक्ति हेतु किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा ।

17. निदेशक, भाकअनुसं को किसी भी शर्त तथा परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि में परिवर्तन का अधिकार है ।

18. परीक्षा/साक्षात्कार में बुलाए जाने पर किसी प्रकार का या.भ./दै.भ. नहीं दिया जाएगा । यद्यपि अजा/अजजा के अभ्यर्थी, भारत सराकार के नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता हेतु पात्र हैं ।

19. **किसी भी प्रकार का पक्ष-प्रचार (दबाव) किए जाने पर उस अभ्यर्थी को अयोग्य माना जाएगा ।**

20. अजा – अनुसूचित जाति; अजजा – अनुसूचित जनजाति; अपिव – अन्य पिछड़ा वर्ग; शावि – शारीरिक विकलांग; भूसै – भूतपूर्व सैनिक ।

निदेशक

<u>आवेदन प्रारूप</u>

उम्मीदवार की पारपत्र आकार की नवीनतम फोटो

विज्ञापन सं. ____

____ **पद हेतु आवेदन**

1. पूरा नाम (बड़े अक्षरो में) :
2. पिता/पति का नाम :
3. राष्ट्रीयता :
4. जन्म-स्थान तथा तिथि :
5. आयु (विज्ञापन के समाप्त होने की तिथि को) :
6. लिंग (पुरुष/स्त्री) :
7. ई-मेल व मोबाईल सं. के साथ वर्तमान पता :
8. स्थाई पता :
9. अजा/अजजा/अपिव/शावि/भूसै से संबंधित (यदि हां, तो उसका उल्लेख करें तथा संबंधित स्व-अनुप्रमाणित प्रमाण-पत्र संलग्न करें) :
10. राज्य का नाम :
11. शैक्षणिक/तकनीकी योग्यताएं :

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	विश्वविद्यालय/बोर्ड	उत्तीर्ण वर्ष	श्रेणी तथा प्राप्त अंकों का प्रतिशत	उत्तीर्ण विषय

12. अनुभव, यदि कोई है (पूर्व के सभी तथा वर्तमान रोजगार के अनुभव) :
13. यदि आपका कोई संबंधी भाकअनुसं/भाकृअनुप में कार्यरत हैं तो कृपया उसके नाम, पदनाम एवं उस कर्मचारी से आपके संबंध का उल्लेख करें :

मैं यह घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा ऊपर दिया गया विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्ण एवं सही है । मुझे यह पता है एवं मैं सहमत हूं कि यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या भर्ती के बाद किसी प्रकार का कोई गलत कथन/साक्ष्य पाया जाता है तो मेरी अभ्यर्थिता/सेवा बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती है । मैं निदेशक, भाकअनुसं के निर्णय से आबद्ध रहूंगा ।

स्थान : आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक : नाम